प्रेस नोट दिनांक 31.08.223

(1). आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

(2). आज दिनाँक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी

(3). आज दिनाँक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा थाना मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम चूल्ही में महिलाओं/बालिकाओं के साथ रक्षाबन्धन का पर्व मनाया गया। यह क्षेत्र जंगल में एव शहर से दूर होने के कारण सुविधाओं से वंचित. पिछड़ा क्षेत्र है, पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता करते हुये सभी का रक्षाबन्धन की शुभकामनाऐं दी गयी, उन्हें शिक्षा के प्रति जागरुक किया एवं उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया कि जीवन में कैसे मेहनत करके आगे बढ़ें। जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है इसके सम्बन्ध में महिलाओं/बालिकाओं को विस्तृत रुप से बताया गया। तत्पश्चात महोदया द्वारा महिलओं महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जागरुक करते हुये बताया गया कि आपके साथ किसी भी प्रकार की घरेलु हिन्सा होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें जिससे समय पर बड़ी दुर्घटना होने से बचाया जा सके, ''अब न सहे खुलकर कहें''।

महोदया द्वारा महिलाओं/बालिकाओं से अपनी कलाई पर राखी बन्धवाकर उन्हे सुरक्षा का भरोषा दिया एवं महिलाओं/बालिकाओं को उपहार स्वरुप वस्त्र एवं मिष्ठान वितरित किये गये। इसी क्रम में मौके पर उपस्थिति एसडीएम मानिकपुर श्री रामजन्म यादव, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री वीर प्रताप सिंह एवं महोदया के स्कोर्ट के पुलिस कर्मियों ने महिलाओं/बालिकाओं से राखी बन्धवाकर रभा को रक्षाबन्धन की शुभकामनाऐं दी गयी।

(4). आज दिनाँक 31.08.2023 को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले अभिसूचना उ0नि0 श्री जगदीश प्रसाद की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदया एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत हो रहे उ0नि0 श्री जगदीश प्रसाद को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षक उनके परिवारीजनों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षक से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करती हूं।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिव नारायण, प्रभारी सोशल मीडिया सेल श्री विजय सिंह, उ0नि0 एपी श्री रामदीन अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री जमाल खा तथा उनकी टीम द्वारा अकबरपुर मोड़ से अभियुक्त 1. बाबू पुत्र बद्री प्रसाद निवासी बिलगांव थाना बिसंडा बांदा 2. सुबराती पुत्र दीन मोहम्मद 3. संतोष पुत्र स्वर्गीय राम खिलावन विश्वकर्मा निवासीगण अकबरपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ व जामा तलाशी के कुल ₹3100 व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. मालफड़ व जामा तलाशी के कुल ₹3100
2. 52 अदद ताश के पत्ते

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री जमाल खा थाना भरतकूप
2. आरक्षी अंकित राजपूत
3. आरक्षी भास्कर शुक्ला
4. hg लालबहादुर